**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2737 का उत्तर**

**फतेहाबाद से हिसार वाया अग्रोहा रेल लाइन**

**2737. कुमारी सैलजा:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार ने फतेहाबाद से हिसार वाया अग्रोहा रेल लाइन को मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) क्या इस प्रस्तावित रेल लाइन के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या अग्रोहा और फतेहाबाद रेल मार्ग पर पटरियां बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसे कब तक पूरा किया जाएगा; और**

**(घ) इस परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण शुरू करने के लिए इस दिशा में क्या प्रयास किए गए हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): हिसार और सिरसा पहले से ही भारतीय रेल नेटवर्क पर भट्टू कलां के रास्ते पूरी तरह से जुड़ा हुआ है। फतेहाबाद और अग्रोहा (93 कि.मी.) के रास्ते हिसार से सिरसा तक का सर्वेक्षण किया गया था। कम यातायात अनुमानों के कारण परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका। रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करना भारतीय रेल की सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। रेल अवसंरचना परियोजनाओं को लाभप्रदता, यातायात अनुमानों, अंतिम छोर संपर्कता, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन, सामाजिक-आर्थिक महत्वों आदि के आधार पर शुरू किया जाता है जो चालू परियोजनाओं की दायिताओं, निधियों की समग्र उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मांगों पर निर्भर करता है।**

*********